# दीक्षारम्भ में नवागन्तुकों को कुलपति द्वारा दी गई दीक्षा

पंतनगर विश्वविद्यालय के गांधी में आयोजित दीक्षारम्भ कार्यक्रम नवागन्तुक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि इस विश्वविद्यालय की नींव देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू द्वारा रखी गयी है और उन्होंने कहा कि आप बहुत भाग्यशाली है कि एशिया के सबसे बड़ी एवं देश की प्रथम कृषि विश्वविद्यालय में आपको अध्ययन का मौका मिला है और इसी विश्वविद्यालय की वजह से आज लोग भरपेट भोजन कर रहे हैं। नोबल पुरस्कार विजेता डा. नारमन ई. बोरलाग जोकि हरित क्रांति के जनक है, का इस विश्वविद्यालय से बहुत लगाव रहा है और वह कई बार इस विश्वविद्यालय में आए है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में आपके अध्ययन हेतु हर तरह की सुविधा उपलब्ध हैं। यहां बहुत ही अनुभवी वैज्ञानिक एवं प्राध्यापक उपलब्ध है जिनके पास मूलभूत तथा आधुनिक विज्ञान की जानकारी उपलब्ध हैं तथा आपके सर्वांगीण विकास के लिए एक विशाल पुस्तकालय के साथ–साथ सेंट्रल कम्प्यूटिंग फैसिलिटी, खेल–कूद के लिए स्टेडियम, अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्यायामशाला, रिक्रेएशन सेंटर तथा विश्वविद्यालय के प्रांगण में विविध विषयों पर जैसे कि कृषि, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान, विज्ञान एवं मानविकी, सामुदायिक विज्ञान, मत्स्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा कृषि व्यवसाय प्रबंधन के साथ–साथ शोध के लिए विभिन्न शोध केन्द्र उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त यहां पर एक्स्ट्रा क्यूरीकुलर एक्टीविटी के लिए बहुत सारी समितियां हैं, जिनसे जुड़कर आप शिक्षण के साथ–साथ सर्वांगीण विकास कर सकते है। कुलपति द्वारा विद्यार्थियों को टीम भावना के साथ अध्ययन अध्यापन करने और पूर्व विद्यार्थियों से नेटवर्किंग के लिए भी सलाह दी गयी। आप अपने समय का शत–प्रतिशत अपने लक्ष्य की प्राप्ति में लगाकर अपने उद्देश्यों की पूर्ति कीजिए और विश्वविद्यालय का नाम रोशन कीजिए। ज्ञान प्राप्त करने में भाषा अवरोध उत्पन्न नहीं करती है। आपकी रुचि ही आपको ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है। यहां पर पहले भी मैदानी ही नहीं बल्कि पहाड़ी क्षेत्रों के दूर–दराज के क्षेत्रों से जिनको हिन्दी भाषा का भी अच्छा ज्ञान नहीं था, वे विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त कर देश एवं विदेश में विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। दीक्षांरम्भ कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा नवांगन्तुकों को संबोधित किया जा रहा है। इस अवसर पर निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल तथा कृषि महाविद्यालय से दीक्षारम्भ कार्यक्रम की समन्वयक डा. उषा पंत, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से सह अधिष्ठात्री छात्र कल्याण डा. छाया शुक्ला, डा. शैफाली मैसी एवं सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. भाष्कर तिवारी उपस्थित थे।

